

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,सोमवार 14 अक्टूबर 2024 ■ आश्विन शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-196 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 15 अक्टूबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### चिराग पासवान की सुरक्षा बढ़ाई गई

**नई दिल्ली,14 अक्टूबर।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। गृह मंत्रालय ने चिराग को जेड कैटेगरी की सुरक्षा ) प्रदान की है। पहले चिराग की सुरक्षा में एसएसबी के कमांडो तैनात थे। आईबी की थ्रेट रिपोर्ट के बाद मोदी सरकार ने उन्हें सीआरपीएफ सुरक्षा दी है। सूत्रों के अनुसार, जेड कैटेगरी के तहत चिराग पासवान की सुरक्षा में कुल 33 सुरक्षागार्ड तैनात रहेंगे। इनके साथ ही 10 आर्म्ड स्टैटिक गार्ड उनके घर पर रहेंगे। इसके अलावा 6 राउंड द क्लॉक पीएसओ, तीन शिफ्ट में आर्म्ड स्कॉर्ट के 12 कमांडो, वाचर्स शिफ्ट में 2 कमांडो और 3 ट्रेंड ड्राइवर राउंड द क्लॉक मौजूद रहेंगे।

### जब पुलिसकर्मी का परिवार खतरे में तो आम नागरिकों की सुरक्षा का क्या होगा: सिंहदेव

**रायपुर,14 अक्टूबर।** पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़वासी बहुत ही कष्ट के साथ प्रदेश को एक 'भयावह अपराध प्रदेश' में तब्दील होते हुए देख रहे हैं. प्रधान आरक्षक की पत्नी और बेटी की बेरहमी से हत्या ने एक बार फिर सरकार और कानून-व्यवस्था की निष्क्रियता को उजागर किया है. इस हत्या को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है. उन्होंने पोस्ट में लिखा, सभी छत्तीसगढ़ वासी बहुत ही कष्ट के साथ प्रदेश को एक 'भयावह अपराध प्रदेश' में तब्दील होते हुए देख रहे हैं. अपराधी निर्भीक हैं जैसे उन्हें या तो प्रशासन का डर नहीं, या उसके समर्थन पर पूरा भरोसा है.

### श्रीदेवी के नाम पर मुंबई में बनाया चौराहा

**मुंबई,14 अक्टूबर।** अभिनेत्री श्रीदेवी की मौत के 6 साल बाद मुंबई में उनके नाम पर एक चौराहा बनाया गया है. दशहरे की देर शाम मुंबई के लोखंडवाला




इलाके में में ग्रीन एकर्स टावर के पास एक चौक का नाम अभिनेत्री के नाम पर श्रीदेवी चौक रखा गया है. बता दें कि इस खास मौके पर श्रीदेवी के पति और प्रोड्यूसर बोनी कपूर मौजूद थे. इस मौके पर इस कपल की बेटी खुशी कपूर भी मौजूद रहीं है. उद्घाटन के दौरान शबाना आजमी भी श्रीदेवी चौक पर मौजूद थीं. दरअसल, श्रीदेवी यहां कई सालों तक रहीं हैं. इस चौराहे पर श्रीदेवी की तस्वीर वाला एक खंभा लगाया गया है.

### 10 फीट लम्बा अजगर शहर की सड़क पर, मचा हड़कंप

**कांकेर,14 अक्टूबर।** कांकेर शहर में एक बार फिर से सड़क के बीचो-बीच 10 फीट लम्बा अजगर दिखाई दिया, जिसने स्थानीय लोगों में हड़कंप मचा दिया। यह विशालकाय अजगर सड़क के डिवाइडर पर चढ़ा नजर आया, जिसे देखने के लिए भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत वन विभाग को सूचित किया, जिसके बाद विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर अजगर को सुरक्षित पकड़ा। गौरतलब है कि इसके पहले भी कांकेर में अजगर देखे जाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। घटना का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।







# प्रधान आरक्षक की पत्नी व बेटी की हत्या

## शव को हत्यारे ने पांच किलोमीटर घसीटते सड़क किनारे फेंका

- बदमाश ने पुलिसकर्मी पर फेंका खौलता तेल
- थाना में ताला लगाकर पुलिस अधिकारी- कर्मी गायब

**सूरजपुर,14 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले से हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है. जहां सूरजपुर कोतवाली थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक की पत्नी और बेटी की बेरहमी से हत्या कर दी गई है. दोनों की लाश घर से करीब 5 किलोमीटर दूर पीढ़ा गांव में नहर के पास खेत में संदिग्ध हालात में मिली है. इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है. यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है. घटना की सूचना मिलते ही सूरजपुर के पुलिस अधीक्षक समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए. पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. फिलहाल, पुलिस टीम आरोपी की सरगर्मी से तलाश में जुटी हुई है. थाना में ताला लगाकर पुलिस कर्मी व अधिकारी आरोपी की तलाश के नाम पर गायब हो गये हैं। थाने के बाहर भीड़ जमा है। मिली जानकारी के अनुसार, कोतवाली थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक तालिब शेख सूरजपुर रिंग रोड के पास किराए के मकान में पत्नी मेहू फैज और बेटी आलिया शेख (16 वर्ष) के साथ रह रहे थे. रविवार रात प्रधान आरक्षक पेट्रोलिंग से वापस लौटे तो देखा कि घर खून से सना था. घर से पत्नी और बेटी गायब थी. जिनकी लाश आज सुबह सूरजपुर से करीब 5 किलोमीटर दूर पीढ़ा गांव में खेत के नहर में अर्धनग्न मिली. इस हत्याकांड में जिलाबदर रह चुके बदमाश कुलदीप साहू पर हत्या की आशंका है, क्योंकि रविवार के दिन ही उसने पुलिसकर्मियों पर कार चढ़ाने की कोशिश की और खौलता तेल उड़ेल दिया था.

मामले में जानकारी देते हुए एडिशनल एसपी संतोष कुमार महतो ने बताया कि रविवार को सूरजपुर के चौपाटी में एक पुलिसकर्मी से कुलदीप साहू ने बहस किया. यह कह कर की तुम्हारी पुलिस मेरे जीना हराम कर रखी है. जिसपर आरक्षक ने कहा मैं तो एक आरक्षक हूं, वरिष्ठ अधिकारी जो कर रहे होंगे मुझे क्या पता तो उसने होटल से खौलते हुए कढ़ाई भरी तेल फेंक दिया. इसमें आरक्षक पूरी तरह से जल गया. इसके बाद उसे इलाज के लिए अंबिकापुर रेफर किया गया. मामले की जानकारी के बाद कुलदीप के खिलाफअपराध दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की गई. इस दौरान अंधेरे में वह एक कर में बैठा हुआ था इस दौरान उसने पैदल खोजबीन कर रहे पुलिस वालों पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया.

इसी बीच शहर से बाहर स्थित प्रधान आरक्षक के तालिब शेख घर जा पहुंचा तभी तालिब शेख की पत्नी ने अपने पति को कॉल किया. लेकिन बात नहीं हो पाई. उसके बाद तालिब शेख ने भी अपनी पत्नी से कांटेक्ट करने की कोशिश की लेकिन बात नहीं हो पाई. जिसके बाद प्रधान आरक्षक को अंदेशा हुआ और घर पहुंचा. जहां प्रधान आरक्षक शेख ने देखा कि घर में खून फैला हुआ था, बीवी और बच्ची घर पर नहीं थे. इसके बाद दोनों की तलाश चलती रही. वहीं घर के बाहर चाकू मिला और काफी सरगर्मी से तलाश शुरू की गई तो पत्नी और बेटी की लाश शहर के करीब 5 किलोमीटर दूर मिली.

### गुस्साई भीड़ ने आरोपी के घर में लगाई आग, रोकने पहुंचे एसडीएम की पिटाई

**सूरजपुर।** कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक तालिब शेख की पत्नी व बेटी की हत्या मामले में सूरजपुर नगर की जनता सडक़ पर उतर आई है। गुस्साए लोगों ने नगर बंद का ऐलान कर दिया है। घटना से आक्रोशित भीड़ ने दोपहर सवा 12 बजे आरोपी कुख्यात बदमाश कुलदीप साहू के घर में आग लगा दी। सूचना मिलते ही फायरब्रिगेड की टीम मौके पर आग बुझाने पहुंची, लेकिन भीड़ ने उसे रोक दिया। डबल मर्डर से आक्रोशित जनता द्वारा आरोपी कुलदीप साहू का घर फूंके जाने की खबर पर सूरजपुर एसडीएम मौके पर पहुंचे। उन्होंने भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास किया तथा आरोपी के घर में लगी आग बुझाने देने को कहा। इससे गुस्साए लोगों ने एसडीएम पर ही हमला कर दिया। उन्होंने एसडीएम की पिटाई शुरु कर दी। इस दौरान किसी तरह जान बचाकर एसडीएम भागते हुए थाने पहुंचे।

### कुलदीप लगातार कार्रवाई से था नाराज

हत्या की वारदात के बाद खबर यह भी सामने आई है कि कुलदीप कोतवाली पुलिस की लगातार कार्रवाई से नाराज था. ऐसे में कुलदीप के भाई संदीप ने एक व्यक्ति को छत से धक्का दे दिया था. मामले की शिकायत पर जब पुलिस ने संदीप को गिरफ्तार किया तो उसके भाई कुलदीप ने बहुत हुज्जत की थी. विवाद तब और गहराया जब जिला बदर हो चुके कुलदीप के चाचा के खिलाफ जिला बदर की अवहेलना के मामले में कार्रवाई की गई. बताया जा रहा है कि पुलिस की लगातार कार्रवाई से कुलदीप बौखलाया हुआ था.

## छत्तीसगढ़ में एक साथ होंगे निकाय और पंचायत चुनाव

**रायपुर,14 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में साय सरकार नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ करा सकती है. दोनों चुनाव एक साथ कराने के लिए ढ्रूस ऋचा शर्मा की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था. कमेटी ने राज्य सरकार को अपनी सिफारिश सौंप दी है. ज्यादा लगता है. दोनों चुनाव एक साथ कराने से इन सबकी बचत होगी. बता दें कि पिछला नगरीय निकाय चुनाव 2019-20 में हुआ था. राज्य के 27 जिलों के 151 निकायों के 2840 पार्षदों के चुनाव के लिए 21 दिसंबर 2019 को मतदान हुआ था और 24 दिसंबर को परिणाम घोषित किए गए थे।

| नगरीय निकाय की स्थिति | |
|---|---|
| छत्तीसगढ़ में कुल निकाय - | 184 |
| छग में कुल नगर निगम - | 14 |
| छग में नगर पालिका परिषद् - | 48 |
| छग में कुल नगर पंचायत - | 122 |

अब अंतिम फैसला सरकार लेगी. बताया जा रहा कि ऋचा शर्मा की अध्यक्षता वाली कमेटी ने पंचायत और निकाय चुनाव एक साथ कराए की सिफारिश की है. कमेटी ने कहा है कि इससे धन की बचत के साथ ही विकास कार्यों में तेजी आएगी. दोनों चुनाव अलग-अलग कराने से आचार संहिता भी दो बार लगानी पड़ेगी. इससे विकास के काम प्रभावित होंगे. मैन पॉवर भी वहीं 20 दिसंबर 2020 को 15 नगरीय निकायों के 370 वार्डों में आम चुनाव हुआ था. 16 नगरीय निकायों के 17 वार्डों में उपचुनाव हुआ था. इसके अलावा राज्य के 146 जनपद पंचायतों में स्थित त्रिस्तरीय पंचायतों में 400 जिला पंचायत सदस्य, 2979 जनपद पंचायत सदस्य, 11636 सरपंच और 160350 पंच पद के लिए चुनाव हुआ था.



## मुख्यमंत्री ने भण्डारपुरी धाम में गुरुगद्दी के दर्शन किए

**रायपुर,14 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज भण्डारपुरी धाम में सतनामी समाज के गुरुगद्दी आसन का दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने प्रदेश की खुशहाली और सामाजिक समरसता की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने सतनामी समाज के धर्म गुरुओं को सामाजिक एकता और भाई-चारे का प्रेरणा श्रोत बताया। इस दौरान राजा धर्म गुरु श्री बालदास साहेबजी राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, विधायक एवं अनुसूचित विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गुरु श्री खुशवंत साहेब, जांजगीर सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, विधायक श्री अनुज शर्मा, विधायक श्री डोमनलाल कोर्सेवाडा सहित सतनामी समाज के अनेक धर्म गुरु, राज महंत, जिला महंत, संत समाज और बड़ी संख्या में अनुयायी, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने यहां गुरु निवास में गुरुप्रसादी ग्रहण किया। उन्होंने तलघर का भी अवलोकन किया और उससे जुड़े इतिहास की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने गुरु परिवार के साथ भेंट की



**रायपुर।** गैंगस्टर लारेंस विश्नोई के शूटर अमन साव को झारखंड से लाकर आज पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया।

## जयशंकर के पहुंचने से पहले इस्लामाबाद में सेना तैनात

**करांची,14 अक्टूबर।** पाकिस्तान कड़े सुरक्षा उपायों के बीच 15 और 16 अक्टूबर को इस्लामाबाद में उच्च स्तरीय 23वें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने के लिए तैयार है। डॉन ने सूत्रों के हवाले से बताया कि भारत से चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल, रूस से 76 प्रतिनिधि और चीन से 15 प्रतिनिधि पहले ही पाकिस्तानी राजधानी पहुंच चुके हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के पाकिस्तान जा रहे हैं। जहां जयशंकर भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे और सीमा पार आतंकवाद से संबंधित भारत की चिंताओं को उठाएंगे। भारतीय विदेश मंत्री ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि भारत-पाकिस्तान संबंधों पर कोई चर्चा नहीं होगी और उनकी यात्रा संक्षिप्त होने की उम्मीद है।

जयशंकर की पाकिस्तान यात्रा 2015 में उनकी पूर्ववर्ती सुषमा स्वराज के बाद नौ वर्षों में किसी भारतीय विदेश मंत्री की पहली यात्रा है। पाकिस्तान सरकार ने इस्लामाबाद आने वाले लगभग 900 एससीओ प्रतिनिधियों की सुरक्षा के लिए 10,000 से अधिक पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात किए हैं। इसने 5 से 17 अक्टूबर तक इस्लामाबाद में सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 245 के तहत सेना की टुकड़ियों को भी तैनात किया है। संघीय सरकार ने प्रतिनिधियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 14 अक्टूबर से राजधानी में तीन दिन की छुट्टी की



भी घोषणा की है। शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। पाकिस्तान विदेश कार्यालय के एक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ जयशंकर, चीनी प्रधान मंत्री ली कियांग, रूसी प्रधान मंत्री मिखाइल मुशुस्तीन और ईरानी उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर की उपस्थिति में एससीओ काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट (सीएचजी) की बैठक को संबोधित करेंगे। सीएचजी बैठक संगठन के प्रदर्शन का आकलन करेगी और वाणिज्य, अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और सामाजिक-सांस्कृतिक संबंधों के क्षेत्रों में वर्तमान सहयोग के बारे में बात करेगी। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, चूंकि बैठकें रावलपिंडी और इस्लामाबाद में होनी हैं, इसलिए पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए 17 अक्टूबर तक रावलपिंडी में धारा 144 लागू कर दी है। इनका उद्देश्य उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रकार की राजनीतिक सभाओं, सभाओं, धरने, रैलियों, प्रदर्शनों और इसी तरह की गतिविधियों पर रोक लगाना है। इसके अलावा, पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस ने घोषणा की कि सुरक्षा उपायों के तहत इस्लामाबाद में उसके कार्यालय 14-16 अक्टूबर तक बंद रहेंगे। इससे पहले, पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने शिखर सम्मेलन के सिलसिले में 14 से 16 अक्टूबर तक तीन दिवसीय बंद की घोषणा की थी।

## बहराइच में एनकाउंटर-बुलडोजर कार्रवाई की मांग

**लखनऊ,14 अक्टूबर।** बहराइच में महसी के महाराजगंज कस्बे में मूर्ति विसर्जन के दौरान गोली मारने से मृतक युवक का शव सुबह पौने आठ बजे गांव पहुंचा। मौके पर पहुंचे तहसीलदार को आक्रोशित ग्रामीणों ने खदेड़ दिया। शव लेकर ग्रामीण महसी तहसील मुख्यालय कूच कर आए हैं। यहां शव रखकर हजारों की भीड़ प्रदर्शन कर रही है। कई थानों की पुलिस संग डीएम व एसपी मौके पर लोगों को समझाने में लगी हुई हैं, लेकिन आक्रोशित लोग हत्यारोपितों के एनकाउंटर व घर पर बुलडोजर चलाने की मांग पर अड़े हुए हैं। रविवार को महाराजगंज कस्बे में मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान खैरीघाट थाने के ग्राम रेहुआ मंसूर निवासी 22 वर्षीय गोपाल मिश्र को गोली मार दी गई थी। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आज सुबह उसका शव पैतृक गांव पहुंचते ही आसपास के गांवों के लोग एकत्र हो गए। सूचना पर तहसीलदार महसी पहुंचे। इन्हें देखते ही ग्रामीणों का गुस्सा और भड़क गया। तहसीलदार जाओ,



जाओ के नारे संग उन्हें खदेड़ दिया गया। ग्रामीण शव को कंधों पर रखकर निकल पड़े। जिस गांव से शव गुजरा सैकड़ों ग्रामीण कारवां के साथ जुड़ते चले गए। सात किलोमीटर लंबा फासला तय कर ग्रामीण शव लेकर महसी तहसील मुख्यालय पहुंच गए। यहां शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया गया। सूचना पर डीएम मोनिका रानी, एसपी वृंदा शुक्ला, एडीएम गौरव रंजन, एएसपी ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी समेत कई थानों की पुलिस भी बुला ली गई है। आक्रोशित ग्रामीणों को माइक से डीएम लगातार समझाने का प्रयास कर रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गोली मारने व उन्माद करने वालों को खोज कर एनकाउंटर किया जाए। आरोपितों के घरों पर बुलडोजर संग पीड़ित परिवार को एक करोड़ की मुआवजा उपलब्ध कराया जाना चाहिए। जिला अस्पताल गेट बाहर सड़क पर शव प्रदर्शन के बाद भी जनभावनाओं को समझने में खुफिया व पुलिस महकमा एक बार फिर चूका है। जिस समय मृतक का शव गांव पहुंचा। आला अधिकारी के बजाए तहसीलदार को मौके पर भेजा गया है। इसके चलते सात किलोमीटर तक शव लेकर आक्रोशित ग्रामीण तहसील मुख्यालय पहुंच गए। डीएम मोनिका रानी आक्रोशित भीड़ संग वार्ता को लेकर लगातार माइक से समझाने का प्रयास कर रही हैं। डीएम तीन जिम्मेदारों को सामने आकर अपनी मांग रखने को कह रही हैं। उनका कहना है कि शव दफनाने के बाद वे लोग मांग को लेकर तत्काल कार्रवाई शुरू करेंगी। हालांकि भीड़ लिखित आश्वासन मांग रही है। महसी तहसील मुख्यालय पर शव रखकर सुबह नौ बजे से प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण विधायक महसी सुरेश्वर सिंह के आश्वासन के बाद मान गए हैं।



## छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष चुने गए सलीम राज

**रायपुर,14 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार वक्फ बोर्ड अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव प्रस्ताव लाया गया. इसके बाद सलीम राज को सर्वसम्मति से छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष चुने गए. छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष गुलाम मिन्हाजुद्दीन के खिलाफ कांग्रेस सरकार के समय नियुक्त वक़्फ़ बोर्ड के सदस्य इमरान मेमन, पूर्व विधायक खुज्जी, फ़िरोज़ ख़ान, फैसल रिज़्वी और भाजपा सरकार में नियुक्त सदस्य सलीम राज ने वर्तमान राज्य शासन के समक्ष अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था. अविश्वास प्रस्ताव के लिए दशरथ लाल साहू पिछड़ा वर्ग और अल्प संख्यक विकास विभाग पीठासीन अधिकारी नियुक्त किए गए थे.





**जगदलपुर। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा उत्सव का भव्य व नयनाभिराम नजारा।** फोटो- शिव कुमार शुक्ला

## एक नजर

### शबरी नदी में डूबकर युवती की मौत



**सुकमा, 14 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शबरी नदी घाट में शकुंतला उम्र 40 वर्ष की डूब कर मृत्यु हो गई है। पिता बंता नाग एर्रा ने बताया कि पुलिस को जानकारी दी गई है।

### कासोली में धूमधाम से मनाया गया दशहरा उत्सव



**गीदम 14 अक्टूबर।** गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत कासोली में 22वा दशहरा महोत्सव रावण वध कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे हजारों लोग उत्सव में शामिल हुए। गौरतलब है कि कासोली में विगत 22 वर्षों से दशहरा पर्व आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष कार्यक्रम की शुरुआत सोमवार को जगराता कार्यक्रम से हुई। तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम मंगलवार, बुधवार एवं रामलीला गुरुवार व शुक्रवार को आयोजित की गई। शनिवार को रावण वध, आतिशबाजी तथा बस्तरीय नाट एवं क्षेत्रीय नाचा मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा।

### महिलाओं को सशक्त व स्वावलंबी बनाने बनाए जाएंगे महतारी सदन:गीता साहू

**राजनांदगांव 14 अक्टूबर।** प्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने



भाजपा सरकार द्वारा महतारी सदन योजना की शुरूआत की जा रही है। इस योजना के तहत प्रत्येक ब्लाक में 10-10 महतारी सदन बनाए जाएंगे। राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू साहू ने कहा कि इसके माध्यम से ग्रामीण महिलाएं सुरक्षित रूप से रोजगार कर आत्मनिर्भर बन पाएंगी। अध्यक्ष गीता घासी साहू ने कहा कि शुरूआत में प्रदेश भर के लिए 179 महतारी सदन बनाने की स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने ने कहा कि इन सदनों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। महिलाएं अपने घर के पास ही रह कर कार्य कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि महतारी सदन से ग्रामीण महिलाओं के जीवन में उम्मीद की नई किरण जागेगी। महिला सशक्तिकरण की दिशा में महतारी सदन योजना मिल का पत्थर साबित होगी। महतारी सदन योजना वर्ष 2024-25 के अंतर्गत यह स्वीकृति प्रदान की गई है। विष्णुदेव साय सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना से महिलाएं आत्मनिर्भर बनेगी।

### बैठक में सांसद एवं विधायक ने कहा-शहरी यातायात को व्यवस्थित करने अंतरविभागीय रणनीति तैयार करें




**रायपुर 14 अक्टूबर।** सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में रायपुर स्मार्ट सिटी परामर्शदात्री समिति की पंचम बैठक आज हुई। बैठक में उन्होंने निर्देशित किया है कि राजधानी रायपुर के आवागमन व्यवस्था को बेहतर बनाने नगर निगम, यातायात पुलिस, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण सहित सभी अनुषंगी विभाग मिलकर रणनीति तैयार कर सुदृढ़ योजना पर काम करें। रायपुर (पश्चिम) विधायक श्री राजेश मूणत सहित रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री डी.आर. पोर्ते, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री अमर पारवानी भी इस महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होकर नगर विकास गतिविधियों, चुनौतियों व आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। विधायक श्री मूणत ने कहा कि परियोजनाओं का लाभ नागरिकों को निरंतर मिलता रहे, इसके लिए रायपुर स्मार्ट सिटी विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर नोडल संस्था निर्धारित करें, जो प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद परियोजनाओं के संचालन एवं संधारण की सतत मॉनिटरिंग करेंगे। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड कार्यालय के सभाकक्ष में आहूत इस बैठक में प्रगतिरत व पूर्ण परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सांसद श्री अग्रवाल ने कहा है कि बढ़ते जनसंख्या घनत्व के कारण अन्य महानगरों की तरह यातायात प्रबंधन सबसे बड़ी चुनौती है, अतः ट्रैफिक व्यवस्था पर नये सिरे से ठोस पहल की आवश्यकता सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि यातायात नियंत्रण प्रणाली के तहत स्थापित कैमरे व सिग्नल सतत् रूप से कार्य करते रहे, इसकी नियमित निगरानी की जाए, साथ ही यातायात घनत्व व अधिक ट्रैफिक दबाव वाले क्षेत्रों, चौक-चौराहों के व्यापक सर्वेक्षण हेतु एजेंसी नियुक्त करते हुए भावी योजनाओं का निर्धारण किया जाए। उन्होंने आईटीएमएस अंतर्गत संचालित रोड सिग्नल की समयावधि व समय अंतराल का रिव्यू कर इसे सुगम यातायात के अनुरूप संचालित करने के निर्देश स्मार्ट सिटी व यातायात पुलिस को दिए हैं। यातायात उल्लंघन पर आईटीएमएस प्रणाली के स्वचालित चालानी कार्यवाही के अनुरूप निर्धारित अर्थदंड की कम वसूली पर बैठक में असंतोष व्यक्त किया गया एवं कहा कि अर्थदंड की वसूली के लिए व्यापक प्रबंध करें। यातायात पुलिस को यह भी निर्देशित किया गया है कि प्राप्त राजस्व आय का निर्धारित अंश रायपुर स्मार्ट सिटी लि. को उपलब्ध कराएं। रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा किए जा रहे विकास, सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्यों की चर्चा करते हुए निर्देश दिए गए कि शहरी तालाबों एवं उद्यानों को एक मॉडल के तौर पर विकसित करें, जो दूसरे शहरों के लिए भी अनुकरणीय रहें।

## डंकनी नदी घाट पर पसरी गंदगी व दुर्गंध के बीच दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 14 अक्टूबर।** नगर पालिका की अकर्मणता के चलते रविवार को शक्तिपीठ दंतेवाड़ा के डंकनी नदी तट पर चहुंओर फैली अथाह गंदगी, व दुर्गंध के बीच माता के भक्तों को प्रतिमाओं का विसर्जन करना पड़ा। मां दुर्गा जी के विसर्जन के लिए अलग अलग जगहों से डंकनी नदी घाट पहुंचे विभिन्न दुर्गोत्सव समिति के लोग ये देखकर बेहद बेहद निराश हुए कि जहां विसर्जन करना है उस जगह पर चारों तरफ गंदगी ही गंदगी पसरी पड़ी है। विसर्जन पूर्व पालिका द्वारा घाटों की सफाई व लेबलिंग तक नहीं कराया गया था। मजबूरन भक्तों को गंदगी के बीच किसी तरह मां दुर्गा की विदाई आरती व विसर्जन करना पड़ा।

नौ दिनों तक मां दुर्गा जी की उपासना पूजा के बाद विजयादशमी व एकादशी तिथि में अलग अलग जगहों पर विराजी मां दुर्गा जी की प्रतिमाओं का विसर्जन डंकनी नदी घाट पर लाकर किया गया। शनिवार के बाद रविवार को भी कई प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। भांसी, बचेली, आंवराभाटा, कतियाररास समेत अन्य जगहों में विराजी मां की प्रतिमाओं का विसर्जन रविवार रात डंकनी नदी घाट पर किया गया। विसर्जन के लिए नदी घाट पहुंचे भक्तों जब देखा कि घाट की सफाई नहीं की गई है। तट पर बड़े रेत के उबड़ खाबड़ गढढे व चारों ओर खाली बोतलें, मलमूत्र बिखरे पड़े थे। गणेशोत्सव के दौरान छोटे गणेश की प्रतिमाओं को कुण्ड बनाकर उसमें विसर्जित किया गया था वहां भी वेस्ट मटेरियल पूरी तरह से सड़कर बदबूमार रहा था उसे भी नहीं हटाया गया था। डंकनी नदी घाट पर चारों ओर गंदगी ही गंदगी पसरी पड़ी थी यह देख दुर्गा ठंडा करने आए श्रद्धालु काफी नाराज हुए और घाट पर कूड़े व मलमूत्र बिखरे पड़े गंदगी के लिए पालिका को जमकर कोसा। मजबूरी में माता के भक्तों को गंदगी व दुर्गंध के बीच किसी तरह मां की अंतिम विदाई आरती पूजा कर विसर्जन करना पड़ा। विसर्जन के दौरान नदी घाट पर गोताखोर की व्यवस्था भी नहीं थी। बता दें कि घाट की सफाई की जिम्मेदारी नगर पालिका की होती है। विसर्जन पूर्व घाटों की सफाई पालिका को करवानी चाहिए थी जो नहीं कराई गई। पालिका के पास जेसीबी, पोकलेन, सफाई कर्मचारी समेत हर तरह की व्यवस्था होते हुए भी नदी घाट की सफाई नहीं हो पाना यह दर्शाता है कि दंतेवाड़ा में नगर पालिका का सिस्टम पूरी तरह से सड़ चुका है। पालिका के सीएमओ की अकर्मण्य पूर्ण रवैया के चलते यह स्थिति निर्मित हई है इसके लिए सीएमओ पवन मेरिया ही पूरी तरह से जिम्मेदार हैं। कुछ भक्तों ने इस अव्यवस्था पर खेद जताते हुए क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी से सीएमओ की शिकायत कर उन्हें यहां से हटाने की मांग की है।

## सर्व आदिवासी समाज ब्लाक कोंटा में रिक्त पदों पर एर्राबोर जोन में पदाधिकारी मनोनीत

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कोंटा 14 अक्टूबर।** सर्व आदिवासी समाज ब्लाक इकाई कोंटा जोन एर्राबोर के तत्वधान में जिला सुकमा एवं ब्लाक इकाई कोंटा पदाधिकारियों की क्रियान्वयन कर रिक्त पदों की भरपाई हेतु बैठक का आह्वाहन किया गया। जिसमे कट्टम लच्छा एवं सोयम तमैय्या की अध्यक्षता में कार्यक्रम को शुभारंभ किया गया है। जहां पदाधिकारियों को मनोनीत करने के पूर्व जिला एवं ब्लाक इकाई के सभी वरिष्ट नागरिक की मौजूदगी में इच्छाशक्ति अनुरूप निर्णय लिया गया तत्पश्चात कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए, नव पदाधिकारियों को गमछे से सम्मानित कर पदभार ग्रहण कराया गया। जिसमे सीनियर वर्ग एवं युवा प्रभाग की संयुक्त पदाधिकारियों के नाम उल्लेखित है। अध्यक्ष- सोयम मुन्ना ( कोंगड़म), उपाध्यक्ष- दिरदो सन्ना (पालाचलमा), उपाध्यक्ष- ताती हड़मा (दूलेड़), सह. सचिव- सोयम सतीश (गगनपल्ली), कोषाध्यक्ष- आस मुकेश (एर्राबोर), अध्यक्ष- सोडी कोसा (मोसलमड़गू), उपाध्यक्ष- मड़कम एंका (ढोण्ड्रा), जिनका शपथ ग्रहण समारोह 20.10.2024 को सर्व आदिवासी समाज भवन सुकमा में किया जाना है। जिनका शपथ ग्रहण समारोह 20.10.2024 को सर्व आदिवासी समाज भवन सुकमा में किया जाना है। उमेश कुमार सुण्डाम- सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष, गणेश मंडावी- अध्यक्ष युवा प्रभाग कोया कुटुमा समाज, सोमा मरकाम- पूर्व सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष, कट्टम सीताराम- दोरला समाज ब्लाक अध्यक्ष हंदा सोडी- कोया कुटूमा समाज आदिवासी कोंटा, बोड्डू राजा- जिला उपाध्यक्ष सुकमा, सुन्नम नागेश- जनपद पंचायत कोंटा, सोयम भीमा- संभागीय उपाध्यक्ष, सोयम नागेश- संभागीय प्रवक्ता सुकमा, आस मुकेश- दोरला समाज उपाध्यक्ष ब्लाक ईकाई कोंटा, मड़कम कृष्णा- पूर्व सरपंच ढोंढरा, सलवम नरैया- सरपंच इंजरम, पोडियम सुक्का- सरपंच डब्बाकोंटा, सोयम नरैया- पूर्व सरपंच दरभागुडा, माड़वी देवा- जनपद उपाध्यक्ष कोंटा, मड़कम दयावती- सरपंच सिंगाराम, मड़कम एंका- अध्यक्ष ढोंडरा जोन, कोरसा सन्नू- जिला मंत्री, सोयम मूका- पूर्व विधान सभा उम्मीदवार कोंटा

### किसी भी परिस्थिति में तत्काल नहीं दें रिएक्शन: मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी

**रायपुर 14 अक्टूबर।** श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर रायपुर में आत्मोल्लास चातुर्मास की प्रवचनमाला जारी है। 9 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक शाश्वत नवपद ओली जी की आराधना तप और त्याग के साथ की जा रही है। गुरुवार को तपस्वी मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी म.सा. ने धर्मसभा में कहा की जीवन के अंदर में दूसरों की मदद करने का अवसर आए तो कभी नहीं चुके,ऐसी अरिहंत पद की आराधना है। वहीं सिद्ध पद की आराधना के बारे में मुनिश्री ने कहा कि सिद्ध पद के लिए गुणों को आत्मसात करें। पुण्यबंध और कर्म निर्झरा के अलावा गुणों की प्राप्ति का लक्ष्य होना चाहिए। मुनिश्री ने कहा कि किसी भी परिस्थिति के अंदर तत्काल एक्शन नहीं लेना चाहिए और रिएक्शन तुरंत नहीं देना चाहिए। यदि देना भी पड़े तो उस समय सिद्ध भगवंतों को याद करना चाहिए।

### 2 लाख के ईनामी स्थाई वारंटी नक्सली सहित 4 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा 14 अक्टूबर।** जिला में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान तहत सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर तथा अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव के फलस्वरूप नक्सली संगठन में सक्रिय 4 नक्सलियों 2 लाख रूपये के ईनामी मिडियम भीमा, सोड़ी मुन्ना उर्फ मनोज, मुचाकी देवा एवं सुला मुचाकी उर्फ कवासी चुला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला सुकमा में आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पित नक्सली पुलिस गस्त पार्टी की रेकी कर हमला करना, पुलिस पार्टी के आने-जाने वाले मार्गों पर स्पाईक/बम लगाना, मुख्य मार्गों को खोदकर मार्ग अवरूद्ध करना, शासन-प्रशासन के विरूद्ध बैनर, नक्सली पर्चा-पाम्पलेट लगाने एवं अन्य घटनाओं में शामिल रहे है। इसके अतिरिक्त आत्मसमर्पित नक्सली मुचाकी देवा एवं सुला मुचाकी उर्फ कवासी चुला के विरूद्ध पूर्व से थाना तोंगपाल में अपराध क्रमाक 09/2013 धारा 147, 148, 149, 307 भादवि. 25, 27 आर्म्स एक्ट, 3 ,5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध है, उक्त प्रकरण में न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आत्मसमर्पित नक्सली मिडियम भीमा पिता मिडियम हुंगा उम्र लगभग 24 वर्ष निवासी राजपेंटा पटेलपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा, सोड़ी मुन्ना उर्फ मनोज पिता स्व. कलमू उम्र लगभग 29 वर्ष निवासी राजपेंटा पटेलपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा के द्वारा मनीष रात्रे उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स जिला सुकमा एवं ज्ञानेश प्रताप सिंह सहायक कमाण्डेन्ट 02 री वाहिनी सीआरपीएफ के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया।

### प्रगति मैदान में 16 से 30 अक्टूबर तक शिल्प सरोवर मेला के लिए किया गया भूमिपूजन

**रायपुर 14 अक्टूबर।** शेपर्स मैनेजमेंट सोसायटी रायपुर द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दिवाली पर्व पर शिल्प सरोवर मेला का आयोजन 16 से 30 अक्टूबर तक पंडरी स्थित प्रगति मैदान में आयोजन किया जा रहा है। मेला का शुभारंभ से पहले रविवार को विधिवत भूमि पूजन जोन 4 अध्यक्ष व पार्षद डा. प्रमोद साहू ने किया। इस अवसर पर मेला संयोजक अर्चना हुकरे डा. निर्भय शर्मा, बद्री कुर्रे, श्रवण यदु, उत्पल साहू, सुफियान अली सहित अन्य सदस्य शामिल थे। शिल्प सरोवर मेला आयोजन का यह 15वां वर्ष है, प्रतिवर्ष इस मेले का आयोजन दशहरे और दिवाली के बीच के दिनों में 15 दिवस के लिए किया जाता है, इस कड़ी में इस वर्ष दिवाली के उपलक्ष्य में यह आयोजन 16 से 30 अक्टूबर तक, स्थानीय प्रगति मैदान, मंडी गेट, जिला हॉस्पिटल के पास मेन रोड पंडरी, रायपुर में किया जा रहा है। मेले में देश भर के हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प से जुड़े कारीगर हिस्सा लेतें हैं, लगभग 80 से 100 स्टालों में देश के विभिन्न हिस्सों से आये आर्ट एवं काफ्ट की झलकिया मिलेंगी, खाने-पीनें के स्टाल के अलावा बच्चों के मनोरंजन की भी सुविधा होगी। 15 दिवसीय इस मेले जयपुर की चुडिया, राजस्थानी मोजरी एवं शूट, पटियाला फूलकारी वर्क, जरदोजी आर्ट, नार्थ ईस्ट का ड्राई फ्लावर, बंगाली काटन, चंदेरी साडियां, भागलपुर कपड़े, मुंबई की ज्वेलरी, हैदराबादी मोती, सहारनपुर काफ्ट, कश्मीरी शाल, भदोही का कारपेट, आयरन क्राफ्ट, छत्तीसगढ़ का बेल मेटल, कोसा की साडियां, लखनवी चिकन हैंडलूम, बांस शिल्प, टेराकोटा आदि वस्तुएँ शिल्प सरोवर की शोभा बढायेंगी।

### पखांजूर में जिला स्तरीय आवास मेला कार्यक्रम

## सरकार के विकास कार्य में बाधा नहीं आनी चाहिए:भोजराज नाग

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कांकेर 14 अक्टूबर।** जिले के पखांजूर में जिला स्तरीय आवास मेला कायर्क्रम में मुख्य अतिथि के आसंदी से भाजपा सांसद भोजराज नाग ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि पुराने मानसिकता के कुछ अधिकारी हैं, वह अपनी मानसिकता त्याग दें, 6 महीने बाद फिर काम करेंगे, जिसमें किसी प्रकार का रोड़ा नहीं आना चाहिए, नही तो मैं फिर भूत उतारूंगा। सांसद नाग ने कहा कि सरकार के विकास कार्य में जो बाधा आ रही है, उसे नींबू काटकर दूर कर दूंगा। चुनाव जीते 5 महीना हो गया है. जैसे ही 6 महीने हो जाएंगे वो फिर से नींबू काटकर भूत उतारना शुरू कर देंगे। सांसद नाग ने कहा कि जिस गति से काम होना चाहिए, उस गति से काम नहीं हो रहा है। जब हम काम करेंगे, उस काम में कोई रोड़ा नहीं आना चाहिए। हम काम करने के लिए हैं। सरकार काम करने के लिए ही हमें वेतन देती है।

भाजपा सांसद भोजराज नाग ने मंच से दिए अपने बयान को लेकर मीडिया से चर्चा के दौरान सफाई देते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को कुछ लोग चाहे वो ठेकेदार हो, अधिकारी कर्मचारी हो पलीता लगाने का काम कर रहे हैं। जल जीवन मिशन में लापरवाही बरती जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना इसमें भी लापरवाही बरती जा रही। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को सचेत करना चाहता हूं। उनको बताना चाहता हूं कि हमारी सरकार नर सेवा ही नारायण सेवा के भाव से काम कर रही है। ऐसे में काम में बाधा डालने का काम करने वालों का नींबू काटा जाएगा। विदित हो कि इससे पहले भी सांसद नाग अपने भूत उतारने वाले बयान को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। एक विरोध प्रदर्शन के दौरान उन्होंने अपर कलेक्टर और कलेक्टर को लेकर कहा था कि मैं कई बार अधिकारियों का भूत उतारा हूं, जनप्रतिनिधि भी हूं, बैगा भी हूं, अधिकारियों का भूत उतार दूंगा। भोजराज नाग ने लोकसभा चुनाव में प्रचार के समय भी नींबू काटकर समस्या दूर करने की बात चुनावी सभा कही थी।

## समाचार संक्षेप

### स्थानीय उम्मीदवारों के लिए स्वास्थ्य विभाग में भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत



**दंतेवाड़ा 14 अक्टूबर।** जिले में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में एक नई पहल शुरू की गई है, जिसमें स्थानीय योग्य उम्मीदवारों को स्वास्थ्य विभाग में भर्ती करने का अवसर दिया जा रहा है। यह भर्ती प्रक्रिया 3 अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2024 तक चलेगी, जिसमें जिला खनिज न्यास निधि (छ्रस्न्न) से विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इस भर्ती में निम्नलिखित पदों के लिए स्थानीय उम्मीदवारों सुनहरा अवसर प्रदान करता है- लेब टेक्नीशियन, श्चष्टत्त टेक्नीशियन,सीटी स्कैन टेक्नीशियन,डायलिस टेक्नीशियन एक्सरे4 ,टेक्नीशियन,पीएसए टेक्नीशियन,सीएसआरएम टेक्नीशियन,डाटा ऑपरेटर,फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स, वार्ड बॉय- ड्रेसर- इलेक्ट्रीशियन

इस बार की भर्ती प्रक्रिया में विशेष ध्यान दिया गया है कि स्थानीय इच्छुक उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. अजय रामटेके ने बताया कि यह चयन प्रक्रिया ग्राम पंचायत स्तर पर की जाएगी। यदि किसी ग्राम पंचायत से पद के लिए कोई उम्मीदवार नहीं आता है, तो उस पंचायत के विकासखंड से उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। यदि फिर भी कोई उम्मीदवार नहीं मिल पाता है, तो जिले के अन्य स्थानीय उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

यह पहल न केवल स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेगी, बल्कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या को भी बढ़ाएगी। जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय रामटेके ने कहा कि इस प्रक्रिया के जरिए हम स्थानीय लोगों को अपने क्षेत्र में सेवा करने का मौका देना चाहते हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं साथ ही चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय निगरानी की जाएगी, ताकि सभी उम्मीदवारों को निष्पक्षता के साथ चुना जा सके। यह पहल दंतेवाड़ा जिले के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो न केवल स्थानीय बेरोजगारी को कम करने में सहायक होगी, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी उत्कृष्टता लाने का प्रयास करेगी।

### राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह

**बचेली 14 अक्टूबर।** बैलाडीला एनएमडीसी आयरन ओर माइन, बचेली कॉम्प्लेक्स में दिनांक 08-10-2024 को प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में श्री बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक के मुख्य आतिथ्य में राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में सभी विभागाध्यक्ष, एसकेएमएस एवं एमएमडब्लयूू के अध्यक्ष, सचिव एवं पुरस्कार विजेताओं अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभिन्न विद्यालयों के विजेता प्रतिभागी शिक्षकों की उपस्थिति रही।ज्ञातव्य है कि दिनांक 14-09-2024 से 29-09-2024 तक परियोजना प्रमुख श्री बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक के मार्गदर्शन, श्री महेश नायर, महाप्रबंधक (कार्मिक) सह सर्वकार्यभारी अधिकारी राजभाषा के समन्वय एवं श्री सौरभ चढ़ार, सहायक प्रबंधक (राभा) के नेतृत्व में राजभाषा पखवाड़ा मनाया गया। इस तारतम्य में श्री सौरभ चढ़ार, राजभाषा अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष बीआईओएम, बचेली इकाई संकुल में भारत सरकार की राजभाषा नीति के दिशा-निर्देशों के अनुरूप राजभाषा पखवाड़ा मनाया गया। इस वर्ष भी 14 सितंबर, 2024 को हिंदी दिवस पर अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में हुआ था। इस अवधि में बीआईओएम, बचेली कॉम्प्लेक्स के अधिकारियों, कर्मचारियों, गृहणियों एवं शिक्षकों हेतु हिन्दी निबंध, हिन्दी टंकण, अनुवाद, वस्तु देखें एवं लिखें, कविता लेखन एवं लिखित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं।

राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह में मुख्य अतिथि के करकमलों से वर्ष 2023-24 के दौरान राजभाषा में श्रेष्ठ कार्य निष्पादन हेतु सिविल विभाग को राजभाषा श्रेष्ठता प्रमाणपत्र, वित्त विभाग को राजभाषा शील्ड एवं खनन विभाग निक्षेप क्र. 5 को राजभाषा कप प्रदान किए गए। तत्पश्चात राजभाषा पखवाड़ा में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किए गए। मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने राजभाषा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राजभाषा का प्रचार-प्रसार निगम एवं परियोजना में अविरत रूप से किया जा रहा है। हिंदी भाषा में अभिव्यक्ति अधिक प्रभावशाली है। स्वागत उद्बोधन श्री महेश एस नायर, महाप्रबंधक (कार्मिक) ने किया तथा श्रमिक संघों के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन श्री सौरभ चढ़ार, सहायक प्रबंधक (राभा) एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री सौरभ कुमार, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) द्वारा किया गया।

### सारेगामापा की संगीत संध्या में झूमा गुढियारी



**रायपुर 14 अक्टूबर।** नवरात्रि पर्व के अष्टमी व नवमी के शुभ अवसर पर बंगाली महिला मंडल तिलक नगर गुढियारी द्वारा सियान सदन दुर्गा पूजा पंडाल में माता की भक्ति के लिए रायपुर के सा रे गा मा पा संगीत विद्यालय के छात्र - छात्राओं के द्वारा शानदार संगीत संध्या का शमा बांधा गया। इस संगीत संध्या में संगीत गुरु डा एनडी चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में और राहुल चक्रवर्ती के संयोजन में अनेक कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जिसमे प्रमुख रुप से कुलदीप कोल्हेकर, प्रत्यक्ष निगम, सत्यम निगम, सावनी बजाज, सोमा कोरी, आयुषी लोधी, स्वस्ति धामने, रुद्राक्ष चक्रवर्ती श्रीजा चक्रवर्ती, अनुष्का भट्टाचार्य, मिस्शका सरदार, शरण्य आदित्य, संचित आदित्य, पृथ्वी तांडी, भूमि सागर, लता महानंद ने उपस्थित जन मानस का मन मोह लिया।

**एक नजर**

## ग्रामीण महिलाओं से रोजगार छीनकर महिला सदन बनाने का औचित्य नहीं :विनोद चंद्राकर

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अपराध अनाचारए मारपीटए घरेलु हिंसा जैसे महिला संबंधी



अपराध का ग्राफमहज 10 माह के कार्यकाल में बढ़ा है। और इन अपराधों में अंकुश लगा पाने में विष्णुदेव सरकार पूरी तरह से विफल साबित हुई है। अपनी नाकामियों को छुपाने सरकार अब महिलाओं को सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराने का दिखावा करते हुए ग्रामीण इलाकों में महिला सदन बनाने की बात कह रही है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने गौठानों व रीपा ;रूरल इंडस्ट्रियल पार्कद्ध के माध्यम से ग्रामीण माताओं.बहनों को रोजगार तथा सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराया था। गौठानों के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं गोबर खादए वर्मी कम्पोस्ट बनाकर रोजगार प्राप्त कर रही थी। इसी तरह रीपा के माध्यम से महिलाओं को मशीन चलाने की ट्रेनिंग दी जाती थी। महिलाएं पेंटए ईंटए दोना.पत्तल समेत कई तरह के सामान बनाती थी। रीपा योजना से ग्रामीण महिला समूहों को आर्थिक लाभ हो रहा था। रीपा योजना से जुड़कर महिलाएं रोज़गार ढूंढने की जगह दूसरों को रोज़गार दे रही थीं। कांग्रेस कार्यकाल में 5 साल ग्रामीण माताओं.बहनों को रोजगार के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ा। महिलाएं घर चलाने में परिवार की मदद कर रही थीं। वर्तमान में गौठानों को बंद करने तथा भाजपा सरकार बनने के बाद से रीपा में संचालित हो रहे सारे काम ठप पड़े हैं। स्व.सहायता समूह की महिलाएं बेरोजगार हो गई हैं।चंद्राकर ने आगे कहा कि महिलाओंए कृषकोंए गौ पालकोंए चरवाहों को लाभ पहुंचाने शुरू किए गए इस महत्वपूर्ण गौठान योजना को भाजपा सरकार ने महज इसलिए बंद कर दिया क्योंकिए इसे कांग्रेस शासन में शुरू किया गया था। गौठान योजना की चर्चा तथा सराहना पूरे देश में हो रही थी। रीपा योजना का हाल भी लगभग यही है। प्रदेश भर में पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने 300 ;रूरल इंडस्ट्रियल पार्कद्ध का निर्माण किया था। वर्तमान में 8.9 माह से लगभग सभी में ताला लटका हुआ है। भाजपा सरकार की इस द्वेषपूर्ण कार्रवाई से प्रदेश की महिलाएं आक्रोषित हैं। महिलाओं की नाराजगी व आक्रोश से भयभीत भाजपा की विष्णु सरकार अब पंचायतों में महिला सदन बनाने का दावा कर रही है। जिसका कोई लाभ माताओं.बहनों को नहीं मिलने वाला। महिला सदन के नाम पर भ्रष्टाचार की नई ईबारत गढ़ने की तैयारी चल रही है।

## आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 21 अक्टूबर तक दावा-आपत्ति

**रायगढ़, 14 अक्टूबर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र कोसाबाड़ी लाखा, तारापुर, औंराभांठा, बरझरिया ग्रा.पं.बंगुरसिया में आंगनबाड़ी सहायिका के एक-एक पद के लिए छ.ग. शासन के भर्ती नियम निर्देश के तहत आवेदन पत्र मंगाए गए थे। मूल्यांकन समिति की बैठक में प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण कर प्राविधिक/ अनंतिम मूल्यांकन पत्रक परिशिष्ठ-4 में प्रकाशित कर परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। आवेदिकाओं से प्राप्त आवेदन पत्र के मूल्यांकन के संबंध में कार्यालयीन स्तर से किसी प्रकार की लिपिकीय त्रुटि हुई है तो अपना दावा आपत्ति परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) के कार्यालय में 21 अक्टूबर 2024 सायं 5.30 बजे तक लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा मान्य नहीं किया जाएगा।

## टीडीएस जागरूकता कार्यक्रम 17 को

**रायगढ़,14 अक्टूबर।** आयकर विभाग, बिलासपुर की टी.डी.एस. शाखा, द्वारा रायगढ़ के सभी डीडीओ, अकाउंटेंट तथा कर्मचारियों को आयकर टीडीएस के प्रति जागरूक करने हेतु कलेक्टोरेट के सृजन कक्ष में 17 अक्टूबर 2024 को दोपहर 12 बजे टीडीएस अवरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें टीडीएस से जुड़ी जानकारी प्रदान की जाएगी ताकि टीडीएस से संबंधित किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

# क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में रोहिना विजेता व सरगोड़ उप विजेता रहे





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 14 अक्टूबर।** राजिम ग्राम रविनगर रोहिना में सूर्या क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 25 गांव के टीम ने भाग लिया। फाइनल मैच रोहिना और सरगोड़ के बीच सम्पन्न हुआ। जिसमें रोहिना की टीम विजेता रहा द्वितीय स्थान सरगोड़ की टीम तथा तृतीय स्थान पोड़ की टीम रहा मैच के दौरान खिलाड़ियों में भारी उत्साह और खेल भावना देखने को मिला। आयोजक समिति भुनेश्वर, दिलकुमार, नेमन विक्की, भीष्म, राधे, चम्मन, जीतू, बसंत, आदि लोग उपस्थित रहे। अतिथि के रूप में ओंकार साहू अध्यक्ष शाला विकास समिती कौंदकेरा, होमन लाल साहू सरपंच ग्राम पंचायत रोहिना, होरीलाल साहू जनपद सदस्य, हीरालाल साहू युवा नेता, हरीश टांडे शिक्षक, दुष्यंत साहू, धरम सोनवानी।

# करेंट लगने से एक बुजुर्ग की मौत, परिजनों ने विद्युत विभाग पर लगाया लापरवाही आरोप



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 14 अक्टूबर।** राजिम थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कौंदकेरा में आज शनिवार सुबह एक बुजुर्ग की करेंट के चपेट में आने से मौत हो गयी। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आज शनिवार की सुबह करीब 7 बजे के करीब कौंदकेरा निवासी बलिराम साहू 68 वर्ष सुबह सुबह अपने खेत को देखने निकला था जब खेत वापस घर के लिए आ रहा था तभी खेत से घुर्रा पार तालाब में चढ़ने के लिए पास में लगे बिजली के स्टे तार को पकड़ा तो हाई वोल्टेज करेंट की चपेट में आ गया जिससे बुजुर्ग की मौके पर मौत हो गयी। इस घटना की जानकारी जैसे ही गाँव मे फैली लोगो का भीड़ इक्क्ठा हो गया मौजूद भीड़ और मृतक के परिजनों ने विधुत विभाग की लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यह घटना गलत सर्विस कनेक्शन लेने की वजह से हुआ है। घटना स्थल पर साफ देखा जा सकता है की विधुत विभाग द्वारा सर्विस केबल वायर को बिजली के आख़री सिरे में बाँध दिया गया उसी सिरे पर स्टेतार को जमीन से जोड़ा गया है जिसकी वजह से सर्विस कनेक्शन कट जाने से स्टे तार में भी हाई वोल्टेज विधुत प्रवाह होने की वजह बुजुर्ग करेंट की चपेट में आने से दम तोड़ दिया।

मृतक बुजुर्ग का गरीब परिवार से है अकेला अपने परिवार का भरण पोषण करता था मृतक के तीन बेटे है जिसमे दो बेटे परिवार से अलग हो गए है जबकि एक बेटा अति विकलांग है होने की वजह से परिवार में भरण पोषण की समस्या सामने आन पड़ी है मृतक के परिजन और ग्रामवासी संबधित विभाग से मुआवजे की मांग कर रहे ताकी भरण पोषण की समस्या दूर हो सके मृतक बलिराम के मृत्यु से उनके परिवार पर दुख का पहाड़ टूट गया है।फ्लिहाल घटना की सूचना पर राजिम पुलिस एवं विधुत विभाग के जेई द्वारा मौके पर पहुँच कर पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए राजिम भेजा गया। दोपहर बाद शव का अंत्यपरीक्षण कराकर उनके परिजन को सौंप दिया गया। विधुत विभाग के उपअभियंता ने अंत्यपरीक्षण के बाद विभाग द्वारा आर्थिक मदद दिलाने की बात कही है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्ष्य अनुरूप कार्य में तेजी लाएं :कलेक्टर

**बीजापुर,14 अक्टूबर ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित विकास कार्यो की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जी के प्रवास के दौरान की गई घोषणा के संबंध में विभागीय अधिकारियों को अविलंब आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। वहीं मुख्यमंत्री जनदर्शन के लंबित प्रकरणों को गंभीरतापूर्वक समय-सीमा में निराकृत करने को कहा। विभागवार समीक्षा के दौरान पशुधन विभाग अर्न्तगत किसान क्रेडिट कार्ड की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। जिला विपणन अधिकारी को धान के शतप्रतिशत उठाव का निराकरण करने, समिति मिलान सहित जिले के मिलर्स को शतप्रतिशत चांवल जमा कराने हेतु निर्देश दिया गया।प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्राप्त लक्ष्यों के अनुरूप कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।जिले के 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण युवाओं को जो प्रतियोगिता परीक्षा में बैठना चाहते है। उन्हे लाईब्रेरी से जोड़ने

# खाद्य मंत्री बघेल ने जिले के 21 हजार से अधिक लोगों को पीएम आवास स्वीकृति की दी सौगात

**महासमुंद 14 अक्टूबर ।** महासमुंद जिले के प्रभारी एवं खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल ने आज आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल, पटेवा में आयोजित जिला स्तरीय आवास मेला कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने मेले में जिले के 21 हजार से अधिक हितग्राहियों को पीएम आवास स्वीकृति की सौगात दी। साथ ही नए स्वीकृत आवासों का भूमि पूजन तथा आवास पूर्ण कर चुके हितग्राहियों का सांकेतिक गृह प्रवेश के साथ ही आवास एवं चाबी का डेमो सौंपा गया। प्रभारी मंत्री श्री बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि गरीबों के पक्के मकान का सपना को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय पूरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री बनते ही श्री साय ने प्रदेश के 18 लाख लोगों को पक्का मकान की स्वीकृति प्रदान की। इस कदम से राज्य के हजारों आवासहीन परिवारों को स्थायी घर मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की यह पहल गरीबों की बेहतरी के लिए महत्वपूर्ण है, और इसका लाभ जरूरतमंद परिवारों को सीधे मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गांव, गरीब और किसानों के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। इस अवसर पर खाद्य मंत्री श्री बघेल ने हितग्राहियों को आवास स्वीकृत होने और आवास निर्माण पूर्ण होने पर नए घर में प्रवेश के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मंत्री श्री बघेल ने कहा कि विष्णुदेव साय की सरकार में महिलाओं को परिवार और समाज में एक अलग पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 01 हजार रुपए उनके खाते में हस्तांतरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घोषणा पत्र में वादा किया था कि सरकार बनने के बाद दो वर्ष का बकाया बोनस राशि प्रदान किया जाएगा। जिसकों पूरा करते हुए प्रदेश के किसानों के खाते में दो वर्ष का बकाया बोनस राशि पहुंचाई गई। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार में किसानों को समृद्ध बनाने वादा के अनुरूप प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रूपए की दर से खरीदी की जा रही है और किसानों को पैसा एक मुस्त भी दिया जा रहा है।

खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल और विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा सहित जनप्रतिनिधियों ने मेले में जिले के 18 आवासहीन ग्रामीण परिवारों को नए स्वीकृत हुए आवास का स्वीकृति पत्र वितरण, जिले के 10 लाभार्थियों को नए आवास की पूर्णतः प्रमाण पत्र और सांकेतिक चाबी भेंट की। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 10 प्रशिक्षित राजमिस्त्रियों को प्रमाण पत्र और टूल किट का वितरण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंच पटेवा श्रीमती जमुना सिन्हा, 6 सचिव व 10 रोजगार सहायकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।इस दौरान मंत्री श्री बघेल ने जिला पंचायत, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास एवं अन्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। मंत्री श्री बघेल ने इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में 4 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 2 हितग्राहियों को सिकलसेल दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। महिला बाल विकास के स्टॉल में तीन गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कर उन्हें सुपोषण किट प्रदान की गई। वहीं तीन नन्हें बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। इसी प्रकार मंत्री श्री बघेल द्वारा 5 हितग्राहियों को राशन कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान मंत्री श्री बघेल ने बिहान दीदीयों द्वारा लगाए गए स्टॉल का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, श्री सनम जांगड़े, पूर्व राज्य मंत्री श्री पूनम चंद्राकर, तुमगांव नगरपालिका अध्यक्ष श्री राकेश चंद्राकर, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री पवन पटेल, संदीप दीवान, सरपंच पटेवा श्रीमती जमुना सिन्हा, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह एवं जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक मौजूद थे।

इस अवसर पर विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा ने आवास मेला में नागरिकों और हितग्राहियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह योजना उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और इससे सामाजिक स्थिरता और विकास को बढ़ावा मिलेगा। सरकार का उद्देश्य हर गरीब परिवार को एक सुरक्षित पक्का आवास प्रदान करना है। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना के तहत हितग्राहियों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएगी, जैसे बिजली, पानी और स्वच्छता। विधायक ने नागरिकों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। आवास मेला में बड़ी संख्या में हितग्राहीगण, गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।इस अवसर पर कलेक्टर श्री लंगेह ने जानकारी देते हुए बताया कि महासमुंद जिले में सामान्य श्रेणी के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत स्थाई प्रतीक्षा सूची के 21331 हितग्राही एवं आवास प्लस के 400 हितग्राही सहित कुल 21731 हितग्राहियों का आवास स्वीकृत किया गया है। शेष हितग्राहियों का पंजीयन एवं स्वीकृति की कार्यवाही कुछ ही दिनों में पूरा हो जाएगा। जिसमें से प्रथम किस्त में 19988 परिवारों को कुल 79 करोड़ 95 लाख 20 हजार रूपए उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से जारी हो गया है। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2016-24 तक कुल 73266 आवासों की स्वीकृति किया गया है। जिसमें से 69737 (95.18 प्रतिशत) आवास पूर्ण कर लिया गया है। इसी तरह प्रधानमंत्री आदिवासी न्याय महाभियान योजना (पीएम जनमन योजना) अंतर्गत जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय के 582 पात्र परिवारों का आवास स्वीकृत किया गया है, जिसमें 95 आवास पूर्ण कर लिया गया है। पीएम जनमन आवास योजना में निर्माण के लिए अब तक 24.08 करोड़ की राशि जारी की गई है। शेष प्रगतिरत आवासों को दिसम्बर तक पूर्ण कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एस. आलोक ने आभार व्यक्त किया।

## चिकटराज देव गुड़ी बीजापुर में मनाया गया दशहरा जात्रा





**बीजापुर,14 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सर्वप्रथम माता मावली की पूजापाठ व माता का श्रृंगार, फिर बाबा चिकटराज देव की पूजा अर्चना कर बाबा चिकट राज देव का श्रृंगार, उसके पश्चात दशहरा जात्रा हेतु देव सिराहा द्वारा नाच गान किया गया जिसके पश्चात धरमराज देव की पूजा अर्चना व मानदान व बड़े कुँअर की पूजा अर्चना व मान-दान, फिर चिकटराज बाबा का मांनदान एवम गाँव के सुख शान्ति हेतु आशीर्वाद लिया गया, उसके बाद माता मावली को भोग चढ़ाकर गादी मान पश्चात मंडईभाटा स्थित भीम को मान-दान, उसके पश्चात कारी कंकालिन माता को मानदान दिया गया जिसके पश्चात माता को भोग चढ़ाने के बाद गांव की सुख शान्ति के लिए आशिर्वाद लिया गया। इसके बाद भीतर गढ़ को मानदान, गढ़ मुंडी को मानदान, घाट दरवाजा को मानदान देने के बाद अंत में मोदुल गुड़ी में गांवदई माता की पूजा अर्चना एवम मानदान दिया गया। इस अवसर पर देव-सियान, पुजारी, पेरमा, गायता, देव प्रमुख, हाटपरिया, झारीघण्टा, सिराहा, गुनिया के साथ साथ बीजापुर, गोरना, भोषागुड़ा, मुरकीनार, मलगोड़ा, मांझीगुड़ा, सागवाही, गंगालूर आदि जगहों के देव से सम्बंधित व्यक्ति एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## नगर पंचायत की लापरवाही से रावण दहन कार्यक्रम अंधेरे में हुआ

**भोपालपटनम, 14 अक्टूबर।** भोपालपटनम में प्रतिवर्ष दशहरा का महापर्व बड़े ही उत्साह एवं उमंग से मनाया जाता रहा है लेकिन मुख्य नगर पालिका अधिकारी की घोर लापरवाही के चलते इस वर्ष रावण दहन का यह कार्यक्रम धुप्प अंधेरे के कारण मायूसी भरा रहा विजय दशमी के दिन स्थानीय स्वर्गीय राजेंद्र पामभोई मिनी स्टेडियम में यह कार्यक्रम धूम-धाम से मनाया जाता है लेकिन स्टेडियम में लगे फ्लड



लाइट शार्ट-शर्किट की वज़ह से बंद रहने से मैदान में गहरा अंधेरा छाया रहा जिस वज़ह से रावण दहन का कार्यक्रम संपन्न कराने में आयोजन समिति को कई मुसीबतों का सामना करना पड़ा यहाँ यह बताना लाजमी होगा कि बीजापुर के विधायक एवं तत्कालीन बस्तर आदिवासी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावीं ने नगर वासियों की मांग पर जीर्ण-शीर्ण मिनी स्टेडियम का जीर्णोद्धार कराते हुए यहाँ फ्लड लाइट की व्यवस्था कर मैदान को चका-चौंध कराने का सराहनीय कार्य किया था किन्तु अब सत्ता परिवर्तन होते ही रख-रखाव के आभाव में मिनी स्टेडियम अंधेरे में तब्दील हो गया है ज्ञात हो कि सामुदायिक गतिविधियों के विभिन्न आयोजनों को संपन्न कराने के लिए भोपालपटनम का मिनी स्टेडियम ही एकमात्र आधार है मिनी स्टेडियम सहित शहर की अव्यवस्था के संबंध में पूछे जाने पर ÷क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने कहा कि नगरीय प्रशासन शहर को साफ-सुथरा रखते हुए शहर में सुचारु रूप से बिजली व्यवस्था करनी चाहिए ताकि रात में शहर के भीतर पर्याप्त रोशनी बनी रहे उन्होंने कहा कि नगरीय प्रशासन को त्योहारों के दौरान शहर का विशेष ध्यान भी रखना चाहिए मिनी स्टेडियम में बंद पड़े फल्ड लाइट के सम्बन्ध में ताटी ने इसके तत्काल सुधार के लिए जिला कलेक्टर को पत्र लिखने की बात कही जिला पंचायत सदस्य ने दशहरा महापर्व के दौरान रावण दहन कार्यक्रम में नगरवासियों को हुए असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया।

## अब हमारा समय आ गया है पक्के मकान में निवास करने का



**बीजापुर,14 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार के मार्गदर्शन में जनपद स्तरीय आवास मेला ग्राम पंचायत उसूर में जनपद स्तरीय आवास मेला का आयोजन किया गया। उक्त आयोजित आवास मेला में पूर्ण आवासों के हितग्राहियों को पूर्णता प्रमाण पत्र, प्रतीकात्मक चाबी वितरण एवं वर्ष 2024-25 में जनपद पंचायतों से स्वीकृत आवासों के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र तथा योजनांतर्गत समय पर आवास निर्माण हेतु तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया इस दौरान जनपद के जनपद सदस्य सरपंच पंच सचिव और आस पास के ग्रामों के ग्रामीण उपस्थित हुए।जिन हितग्राहियों को आवास की स्वीकृति दी गई है उनके चेहरे पर खुशियां देखी जा सकती है उनका कहना था की हमारा भी समय आ गया है पक्के मकान में निवास करने का साथ ही जिन हितग्राहियों ने आवास पूर्ण कर लिया है उन्होंने अपना अनुभव बयां किया उनका कहना था स्वयं का आवास पाकर अब सम्मानित महसूस कर रहे है बरसों से आवास का सपना संजोए थे। जो अब पूरा हो गया है।

## नगर पंचायत और पंचायत चुनाव के लिए मारकंडे प्रेक्षक नियुक्त

**मोहला 14 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग नया रायपुर के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकंडे को जिला मोहला-मानपुर अंबागढ़ चौकी के नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचन नामावली तैयार/पुनरीक्षण हेतु प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। श्री मारकंडे राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी एवं ग्राम पंचायतों के पंच/सरपंच जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत के सदस्य के लिए निर्वाचन संपन्न कराए जाने के लिए निर्वाचन नामावली तैयार पुनरीक्षित कराए जाने की तैयारी की जायजा लेंगे। निर्वाचन नामावली गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटि रहित तैयार किया जाए इसके संबंध में आवश्यक निर्देश देंगे आयोग द्वारा जारी तय कार्यक्रम के अनुरूप उक्त कार्यक्रम संपादित किया जा सके। श्री मारकंडे 14 अक्टूबर को 11ः00 बजे को जिला मुख्यालय मोहला में उपस्थित होंगे और 3ः00 बजे तक वन विभाग की रेस्ट हाउस में रूकेंगे। अधिक जानकारी के लिए मो. 94255-40484 पर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# बीजादुतीर स्वयंसेवकों ने मनाया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 14 अक्टूबर ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के सफल मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ के सयुंक्त तत्वधान में संचालित बीजादूतीर कार्यक्रम अन्तर्गत बीजापुर जिले में बीजादूतीर स्वयंसेवकों ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर सामुदायिक स्तर पर एक सफल कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में लोगों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने हेतु विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का आयोजन बीजापुर जिले के विकासखंड भैरमगढ़ के ग्राम पंचायत पिनकोंडा, विकासखंड बीजापुर से ग्राम पंचायत धनोरा, विकासखंड भोपालपटनम से ग्राम चंदूर में किया गया। इसमें कुर्सी दौड़, व्हालीबॉल, क्रिकेट लंबी दौड़ इत्यादि खेल आयोजित किए गए। समुदाय स्तर पर लोगों में तनाव कम करने और स्वस्थ मानसिक स्वास्थ्य की समझ बनाने हेतु लाल गुब्बारा व साफ सीडी गतिविधी की गई। इस अवसर पर पुरुस्कार वितरण किया गया।



जागरूकता के दौरान बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमें अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए और समाज में इसके प्रति जागरूकता बढ़ानी चाहिए। हमें अपने आसपास के लोगों की मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति को समझना चाहिए और उनकी मदद करनी चाहिए।÷बीजादूतीर स्वयंसेवकों ने लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। उन्होंने लोगों को अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने और समाज में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। बीजादूतीर के समन्वयक द्वारा मानसिक स्वास्थ्य पर लोगों को गोंडी एवं हल्बी भाषा में जागरूक किया गया।आयोजन स्थल पर उपस्थित लोगों ने इस कार्यक्रम की सराहना की और बीजादूतीर स्वयंसेवकों के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद करेंगे।कार्यक्रम में महिलाओं, किशोरियों, पुरुष वर्ग की सहभागिता रही। जिला समन्वयक अशोक पांडेय, ब्लॉक समन्वयक भारत कारम, हर्षिता पंडा, योहान लाटकर एवं बी एम ओ संदीप कश्यप सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सुप्रिया साहा,विकास सर्वा ,गौरी राव ,सी एच ओ मयूरी देवांगन सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं महिला बाल विकास से सुपरवाइजर द्रोपति साहू, कार्यकर्ता सहित ग्राम पंचायत के जन प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

# 40 फीट के रावण पुतले को आग लगाने वाला नशेड़ी युवक गिरफ्तार

**■ दशहरा पर्व मनाने के पूर्व ही नशेड़ी युवक ने लगा दी थी रावण पुतले को आग**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 14 अक्टूबर।** नगर पंचायत भखारा में दशहरा पर्व के अवसर पर रावण दहन की तैयारी की जा रही थी। इसी बीच शुक्रवार को अज्ञात तत्वों ने मध्य रात्रि में 40 फ़ीट रावण को आग के हवाले कर दिया था जिसकी वजह से शासकीय वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया था इसकी शिकायत थाने में की गई थी जिसे भखारा पुलिस ने संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को चंद घंटे में पतासाजी कर गिरफ्तार कर लिया।

नगरवासियों की ओर से थाना भखारा में दिए आवेदन में बताया था कि प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी नगर पंचायत भखारा के रामलीला मैदान में नगरवासियों के सहयोग से रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसके लिए लगभग 40 फुट का पुतला बनाया गया था। नगर पंचायत के शासकीय वाहन लिफ्टर क्रेन जिसका प्रयोग रावण पुतला बनाने में किया जा रहा था।







किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात्रि में रावण पुतला को आग के हवाले कर दिया।जिससे शासकीय वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर ने बताया कि रावण की पुतले को दशहरा पर्व मनाने की पूर्व ही अर्द्ध रात्रि को अज्ञात लोगों ने आग के हवाले कर दिए जाने की नगरवासियों से शिकायत आवेदन प्राप्त हुई थी मामले को विवेचना में लेकर पतासाजी किया गया जिसमें संदेही नशेड़ी युवक पुष्पेंद्र साहू को गिरफ्तार कर कड़ी पूछताछ किया गया तब युवक ने अपराध स्वीकार किया जिनके ऊपर वैधानिक कार्रवाई की गई। वहीं शनिवार को नये सिरे से रावण का पुतले को बनाया गया फिर देर रात्रि रामलीला मंचन कर रावण वध किया गया।

# नहर में मिली युवक की लाश, हत्या की आशंका



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 14 अक्टूबर।** बोइरझिटी निवासी गंगाराम यदु की नहर में मिली लाश परिजन ने हत्या किये जाने की बात कही। दोपहर बाद तिल्दा पुलिस को नहर में लाश मिलने की सुचना मिली घटना स्थल सरफोंगा और भटभेरा के बीच में एक छोटे से नहर में पुल के नीचे एक लाश मिली जिसकी पहचान ग्राम बोइरझिटी निवासी गंगाराम यदु के रूप में किया गया मृतक के मृतक का भाई बलराम यदु ने बताया की वह एक दिन पहले से घर नहीं आया था उसकी लाश का मिलना संदेह को जन्म दे रहा है क्योंकि उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान दिख रहे है और ऐसा प्रतीत हो रहा है की उसकी हत्या करके उसे पानी में फेक दिया गया है मृतक का रिश्तेदार संतोष यदु ने पुलिस अधिकारियो से निवेदन करते हुए अतिशीघ्र जाँच कर कड़ी कार्यवाही करने की बात कही। उधर पुलिस द्वारा शव का पोस्ट मार्डम करवा कर परिजनों को सौप दिया और विवेचना किया जा रहा है।

## एक नजर




**तिल्दा नेवरा, 14 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** समीपथ सुहैला में नवरात्रि पर्व पर केबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने बलौदा बाजार विधान सभा क्षेत्र के सुहैला ब्लाक के मुख्यालय में ग्रामीणों के साथ नो दुर्गा माता रानी का दर्शन किया और प्राथना कर प्रदेश सरकार के जन कल्याण कारी योजनाओं का लाभ उठाने और प्रदेश के विकास की कामना की।

## पुलिस ने जब्त की 532 पेटी देशी व अंग्रेजी शराब




**बलौदाबाजार, 14 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदा बाजार भाटापारा के ग्राम केसदा थाना हथबंध में कल रात जिला पुलिस बल द्वारा 532 पेटी शराब जप्त किया गया है इसमें 504 पेटी गोवा ब्रांड शराब है तथा 28 पेटी देसी मदिरा है इस संबंध में एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## टुंडरा में आरएसएस कसडोल खंड का पथ संचलन 15 को




**कसडोल, 14 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछली एक शताब्दी से हिन्दू समाज मे संगठन भाव जागरण के कार्य मे लगा हुआ है, इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का स्थापना दिवस तथा विजयादशमी उत्सव के निमित्त पथ संचलन का आयोजन दिनांक 15 अक्टूबर 2024 मंगलवार को टुंडरा में रखा गया है जो कि समय दोपहर 3 बजे सरस्वती शिशु मंदिर परिसर से संचलन प्रारम्भ होगा तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम के बाद समापन होगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ प्रांत के प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा मुख्यरूप से उपस्थित रहेंगे।

# अदानी पावर रायखेड़ा के मजदूरों का बीवी बच्चों सहित अनिश्चितकालीन प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 14 अक्टूबर।** ग्राम सभा समिति गैतरा के बैनर तले अदानी पावर रायखेड़ा में कार्यरत कर्मचारियों एवं ग्रामीणों द्वारा अपनी मांगो को लेकर अनिश्चित कालीन धरना दिया जा रहा है। मजदूर लगातार राजनीतिक जनप्रतिनिधियों के बहकावे का शिकार होते रहे हैं, ऐसे में इस बार मजदूरों ने ग्राम पंचायत स्तर पर अपनी लड़ाई लड़ने की ठानी है, वहीं प्रबंधन का कहना है कि वे मजदूरों के सभी जायज मांगो के लिए तैयार हैं, क्योंकि यह उपक्रम स्थानीय लोगों के सहयोग से ही अपने निष्कर्ष तक जाने पर विश्वास रखती है और प्रभावित सभी ग्राम पंचायत उनके लिए उनका परिवार है।

मजदूरों ने अदानी पावर द्वारा कभी भी किसी मजदूर को काम से बाहर कर देने या पर प्रांतीय मजदूर और अपने बीच भेदभाव का आरोप भी लगाया है। हड़ताली सारे मजदूर चिचोली, रायखेड़ा, गैतरा, ताराशिव सहित आसपास के 10-12 गांव से हैं, जिन्हें प्रबंधन से मजदूरी दर श्रम नियम के मुताबिक शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी सुविधा सहित कई मांगे हैं, जिसमें लैंड लूजर्स मजदूरों को नियमित रोजगार उपलब्ध कराना मुख्य है, जिसे लेकर सैकड़ों मजदूर अदानी पावर के मुख्य द्वार के सामने ही पंडाल लगाकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। ऐसे में मजदूरों ने एक बार फिर अनिश्चितकालीन हड़ताल का रास्ता चुना है, अब जब मजदूर हड़ताल कर रहे हैं तो उनके साथ उनका परिवार भी शामिल हो चुका है और बीवी बच्चों सहित सभी मजदूर धरना स्थल पर लगातार 24 घंटे बैठे हुए हैं।




## गाली गलौज कर मारपीट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 14 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी द्वारा थाना लवन में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह अपने सांथी के साथ 12 अक्टूबर की रात्रि बाजार चौक लवन के पास खड़ा था, तभी उस समय मोहल्ले के कुछ कुछ लड़के गाली गुप्तार कर, लड़ाई झगड़ा कर रहे थे, जिसे प्रार्थी और इसका साथी राहुल साहू मना कर रहे थे, इसी बीच उन लड़को द्वारा तुम लोग कौन होते हो बीच बचाव करने वाले कहकर अश्लील गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर, हाथ में पहने लोहे के पंच से प्रार्थी के सिर में मारकर गंभीर चोट पहुंचा दिया। उसके बाद अपने पास रखे लोहे की धारदार गुप्ती से सिर में वार किया, जिसे हाथ से रोकने पर हाथ की उंगली में गंभीर चोट आया। तत्पश्चात आरोपियों द्वारा इसके साथी राहुल साहू को जमीन में पटक कर हाथ मुक्का, लात आदि से मारपीट किया गया है।

कि रिपोर्ट पर थाना लवन में अपराध क्र. 425/2024 धारा 296, 115(2), 351(2), 109(1), 3(5) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना लवन पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 02 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा एक राय होकर प्रार्थी एवं उसके साथी के साथ लोहे का पंच एवं धारदार चाकू नुमा हथियार से वार कर गंभीर चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में दोनों आरोपियों को 13 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

# बाबा सिद्दीकी के निधन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 14 अक्टूबर।** बाबा सिद्दीकी जिंदादिल इंसान थे। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या की खबर से भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता भी सकते में है। अभी कुछ माह पूर्व ही विधानसभा चुनाव के समय रायपुर कांग्रेस भवन में उन्होंने सभी प्रमुख नेताओं के साथ बैठक रखी थी।बैठक के दौरान ही प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी के कार्यो से प्रभावित होकर उन्होंने सार्वजनिक रूप से तारीफ भी की थी।

यह ज्ञात हो को बाबा सिद्दीकी पूरे रायपुर लोकसभा के सभी विधानसभा के लिए पर्यवेक्षक के रूप में आए थे। विधानसभा प्रत्याशी घोषित होने के बाद जब वे भाटापारा विधानसभा पहुंचे तो उन्होंने सबसे पहले कॉल करके सुनील माहेश्वरी को बुलाया क्योंकि माहेश्वरी की टिकिट कट चुकी थी। बाबा सिद्दीकी ने सभी कार्यकर्ताओं के सामने माहेश्वरी को कहा की टिकिट नही मिलने से मायूस मत हो, लगातार सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहो। एक दिन सफ्लता तुम्हारे पास चलकर आएगी।

इस संबंध में माहेश्वरी ने कहा की बाबा सिद्दीकी बहुत ही जिंदादिल और दिलदार व्यक्तित्व के थे। उन्होंने मुझे उपस्थित कार्यकर्ताओं को बंबई घुमाने लेकर आने की जवाबदारी मुझे दी थी। लेकिन किन्ही कारणों से वे कांग्रेस छोड़कर एन सी पी में चले गए। जिससे हम दुबारा उनसे नही मिल पाए। उन्होंने आगे कहा की बाबा सिद्दीकी के निधन से उन्हे व्यक्तिगत रूप से क्षति हुई है।

बाबा सिद्दीकी के निधन पर उन्हें प्रमुख रूप से सुनील माहेश्वरी, विनोद अग्रवाल, अमर मांडावी, कृष्ण कुमार नायक, आबिद खान, अरुण वर्मा, विवेक अग्रवाल, अशोक तिवारी, दीपक वर्मा, प्रमिला साहू, अविनाश दास, रिंकू भाटिया, राजा तिवारी, अयूब बाठिया आदि सहित बहुत से जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने वाले दो गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 14 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी सुशांत पांडे निवासी कमल कॉलोनी बलौदाबाजार द्वारा थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 12 अक्टूबर की रात्रि 10:00 बजे लगभग गार्डन चौक दुर्गा में डिगेश ध्रुव को कुछ लड़के मारपीट कर रहे थे, तब मेरे द्वारा वहां जाकर बीच-बचाव किया गया। इसी बीच आरोपी टेकराम और दीपक द्वारा तुम कौन होते हो बीच बचाव करने वाले, बोलकर अश्लील गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया गया तथा आरोपियों द्वारा अपने पास रखे एक धारदार चाकू से गंभीर वार किया गया, जिससे मेरे पीठ और जांघ में गंभीर चोट लगा, इससे बहुत खून बह रहा है। साथ ही डिगेश ध्रुव को भी नाक एवं बाई तरफआंख में भी चोंट लगा है। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 718/2024 धारा 296, 115(2), 351(2), 109, 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 02 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी एवं डिगेश ध्रुव से मारपीट करना एवं अपने पास रखे धारदार चाकू से वारकर गंभीर रूप से चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में दोनों आरोपियों को आज दिनांक 13.10.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव. (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202410092100005
अ/6 वर्ष 2024 25

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक टीकू चांवड़ा आ. स्व. लीलाधर चांवड़ा उम्र 57 वर्ष निवासी वार्ड नं 16 एक बत्ती पांच रास्ता साहू किराना डोंगरगढ़ तह डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाव (छ.ग.) व अन्य 03 द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदकगण आपस में सगे भाई बहन है। सगे भाई है। उभयपक्ष की माता स्व. सविता बेन पति स्व लीलाधर चांवड़ा के एकल स्वामित्य एवं आधिपत्य में नजूल शहर नरसिंग वार्ड नं. 10 जयस्तंभ चौक से रेल्वे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. में भूमि मकान स्थित है जिसका शीट क्रमांक 6 भूखण्ड क्रमांक 1633/3 क्षेत्रफल 1575 वर्गफुट भूभाटक बिना लगानी स्थित है। राजस्व अभिलेख में सविता बेन का नाम दर्ज है। सविता बेन अपने जीवित काल में उक्त भूमि मकान को अपनी पुत्रों आवेदकगण को वसीयत में देकर दिनांक 18.08.2022 को आवेदकगण के पक्ष में वसीयत नामा निष्पादित कर दिया है। यह वसीयत नामा की जानकारी पूरे परिवार के सदस्य (उभय पक्षी) को है। उक्त भूमि वसीयत नामा के अधिकार से आवेदकगण के नाम दर्ज किये जाने पर कोई आपत्ति नहीं है। उभयपक्षों के पिता स्व. लीलाधर चावड़ा की मृत्यू दिनांक 06.11.2018 को डोंगरगढ़ में निवास करते हो गया है। स्वर्गीय सविता बेन की मृत्यू दिनांक 18.08.2023 को डोंगरगढ़ में निवास करते हो गया है। उभय पक्षों के परिवार में उभय पक्षों के अलावा अन्य कोई सदस्य नहीं है। सविता बेन के द्वारा निष्पादित उक्त वसीयत नामा के अधिकार से सविता वेन की आवेदकगण उक्त भूमि मकान के संयुक्त स्वामी एवं आधिपत्यधारी है। अनावेदकगण का एवं अन्य को कोई हक अधिकार नहीं है। अतः उक्त भूमि के राजस्व अभिलेख से वसीयत नामा के आधार पर फौती नामांतरण किया जाकर आवेदकगण का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने का निवेदन किया है। आवेदन पत्र के साथ वसीयतनामा की छायाप्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, नजूल सधारण खसरा की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं तलवाना प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 28/10/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**डोंगरगढ़ (छ.ग)**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202410142400002/
अ-2/2024-25
साकिनः-चारामा, प.ह.नं.-06

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदिका सावित्री कुमेटी पति रमेश कुमेटी, जाति गोंड़, निवासी ग्राम अकलाडोंगरी, तहसील धमतरी जिला धमतरी के द्वारा ग्राम चारामा, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 449/3, 450/10 कुल रकबा 0.02 हेक्ट. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 25.10.2024 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 10.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

**पुलिस के जवानों ने किया परंपरा का निर्वहन, धूमधाम से मनाया गया दशहरा का पर्व**

# विजयादशमी पर बिरेझर चौकी में की गई शस्त्र पूजा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 14 अक्टूबर।** प्रतिवर्ष आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को विजयादशमी मनाई जाती है। इस दिन देवी अपराजिता की पूजा की जाती है।इस पूजा में मां रणचंडी के साथ रहने वाली योगनियों जया और विजया की पूजा की जाती है।विजयदशमी के दिन शस्त्र पूजा करने की परंपरा आज से नहीं बल्कि प्राचीन काल से चली आ रही है। जिसमें अस्त्र-शस्त्र को सामने रखकर पूजा की जाती है।बिरेझर पुलिस आज भी इस परंपरा को वर्षो से निभाती चली आ रही है और विजयादशमी के दिन अस्त्र-शस्त्र की पूजा कि जाती है। इसी उपलक्ष्य में उपनिरीक्षक व चौकी प्रभारी चंद्रकांत साहू ने विजयादशमी पर्व पर चौकी में अन्य पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के साथ मिलकर विधि-विधान से अस्त्र-शस्त्र की पूजा की गई। तत्पश्चात चौकी प्रभारी चंद्रकांत साहू द्वारा उपस्थित सभी अधिकारी, कर्मचारियों एवं पूरे क्षेत्रवासियों को विजयदशमी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। उक्त शस्त्र पूजन कार्यक्रम में चौकी प्रभारी चंद्राकांत साहू, एसआई दक्ष कुमार साहू, प्रधान आरक्षक शेषनारायण पांडे, दारा चंद्राकर, तारण साहू आरक्षक दीपेश चंद्राकर, विमल पटेल, भवानी साहू, डेमन साहू, नटवर राठौर महिला आरक्षक ज्योति, रेखा पाल सहित अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## विजयादशमी पर बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस के जवानों ने की शस्त्रों की पूजा



**बलौदाबाजार, 14 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 12 अक्टूबर को रक्षित केंद्र बलौदाबाजार में विजया दशमी पर्व के शुभ अवसर पर शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा शस्त्रों का पूजन कर सुख एवं शांति की मंगल कामना किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त जिलेवासियों को विजयदशमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में सदैव पुलिस बल का सहयोग करने हेतु अपील किया गया। इस दौरान शस्त्र पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं भाटापारा, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

